तुलसी–शालिग राम विवाह उत्साह के साथ हुआ

नवभारत,दमोह. शनिवार को देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में श्री तुलसा भगवान शालिग राम विवाह शानदार रूप से मनाया गया. जिसमें भगवान शालिगराम जी की बारात कचेरे मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए घंटाघर स्थित श्री देव जानकी रमण बूंदाबहु मंदिर रात्रि में पहुंची. जहां पर भगवान शालिगराम जी का द्वार पर पूजन किया गया. साथ ही तुलसा भगवान शालिगराम जी का विवाह सभी रीति-रिवाज में रात्रि में संपन्न किया गया. इस पर बड़े पौराणिक पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक, कैलाश प्यासी, कृपाल जी, सुदर्शन पाठक, सत्यम मिश्रा,मोनू शुक्ला, बूंदाबहु मंदिर रामेश्वर शर्मा, मनोज चनपुरिया, परमाबाई कचेरे मंदिर के पुजारी बालमुकुंद गर्ग के द्वारा यह पूजन कार्य संपन्न कराया गया. बतादे कि बरात में भगवान शालिगराम जी पालकी पर विराजमान थे.साथी रथ पर राम सीता व राधा कृष्ण जी विराजमान थे.

जोरदार आतिशबाजी, डीजे, रोड लाइट, बाजे व हजारों की तादाद में श्रद्धालु बारात में चल रहे थे. इस कार्यक्रम में जो झांकियां बनाए गए उनका श्रृंगार अनुष्ठान करने जा रहे हैं.सीताराम सोनी दमोह के द्वारा किया गया. बूंदाबहु मंदिर के जजमान आमचौपरा निवासी श्रीमती संध्या केके श्रीवास्तव सचिव, प्रिंस श्रीवास्तव, श्रीमती लता ओमप्रकाश खरे,श्रीवास्तव, कचेरे मंदिर के प्रमुख सेवक बंधु देवेंद्र राजपूत,सुनील, सोनी,विजय असाटी,मोंटी रैकवार, कपिल सोनी, रीतेश सोनी, मनीष तिवारी, ठाकुर साहब,मनोज सोनी जैसे बहुत से सेवक बंधु ने इस कार्यक्रम में बारात की शोभा बढ़ाने में बहुत बहुमूल्य कार्य किया.

देवउठनी ग्यारस पर मंदिरों व घरों में हुए कार्यक्रम



कार्तिक मास की देवउठनी ग्यारस के दिन पूरे देश में माता तुलसा भगवान शालिगराम जी का विवाह संपन्न कराया. जिसके क्रम में दमोह जिले में भी अनेक मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. साथ ही दमोह शहर के फुटेरा वार्ड दो स्थित अग्रवाल राधा बहू मंदिर में भी विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मंदिर से बारात निकाली गई. जो धगट चौराहे होते हुए घंटाघर से वापस धगट चौराहे होते हुए राधा बहू मंदिर पहुंची.जहां देर रात तक संपूर्ण वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुए.वैवाहिक कार्यक्रम में इस वर्ष कन्या पक्ष से सुमित्रा मदन मोहन अग्रवाल वहीं वर पक्ष से सुमन स्वर्गीय रविंद्र अग्रवाल जजमान के रूप में रहे. पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में संपूर्ण पूजन पाठ का कार्यक्रम संपन्न किया गया.

प्यासी मंदिर में तुलसी शालिग्राम विवाह सम्पन्न

देव श्यामलाधीश प्यासी मंदिर में धूमधाम से तुलसी शालिग्राम विवाह सम्पन्न हुआ। इस वर्ष कन्यादान लेने का सौभाग्य कार्तिक व्रत करने वाली सखी मंन्जु नेमा को मिला। एक मास व्रत,पूजन करने वाली बहनों ने अपने घर सखियों को आमंत्रित कर तुलसी पूजन करवाया,और कार्तिक के बुन्देली मधुर कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजनों का आनंद लिया। आंवला नवमी को पुष्पा चिले के निवास पर भजन संध्या आयोजित की गई। मुख्य बुन्देली भजन गायिका के रूप में भारती राय सुमधुर भजनों का गायन कर भाव विभोर कर दिया और अनेक सखियों ने मन भावन नृत्य किया। पुष्पा चिले ने बुन्देली गायिका भारती राय को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

श्री जागेश्वर नाथ मंदिर : विवाह महोत्सव आयोजित

श्री जागेश्वर नाथ मंदिर बांदकपुर में भी तुलसी व भगवान शालिगराम जी विवाह महोत्सव सम्पन्न हुआ.जहां भक्तों की भारी भीड़ दे खी गई.बांदकपुर प्रभारी राजेंद्र मिश्रा स्टाफने व्यवस्थाएं देखी.

आमचौपरा श्री रासबिहारी मंदिर में जमकर आतिशबाजी

शहर स्थित आम चोपड़ा श्री रासबिहारी मंदिर में शनिवार को देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर तुलसी माता और भगवान शालिग्राम का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ. पंडित शुभम तिवारी ने बताया कि कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष एकादशी को मनाए जाने वाले इस दिव्य विवाह में भक्तों नेभक्ति भाव और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भाग लिया. इस अवसर पर एक भव्य बारात निकाली गई. जिसमें जमकर आति शबाजी के साथ, ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे और भक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा.महिलाओं गीत गाए .

एक नजर में

राष्ट्र शौर्य , समृद्धि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकली

नवभारत,दमोह. स्थानीय प्यासी मंदिर से भव्य कलश यात्रा का मुख्य कलश पूजन वरिष्ठ गायत्री परिजन व मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया द्वारा किया गया .कलशयात्रा के प्रारंभ में ग्वालों की टोली नृत्य करते हुए आगे चल रही थी. घुड़सवारो के रूप में देवी अहिल्या, रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, रानी अवंती बाय नारी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए नेतृत्व करती हुए चल रही थी. पूर्व विधायक अजय टंडन, डॉ रामकृष्ण कुसमरिया,भाव सिंह लोधी ,पंकज हर्ष श्रीवास्तव देवेंद्र बौहरे, किशन घी वाला सहित अनेक गणमान्य नागरिक नगर के लोगों को यज्ञ के लिए आमंत्रित करते हुए चल रहे थे .रथ में भगवान राम दरबार की सुंदर झांकी, शांतिकुंज से आया शताब्दी रथ जिसमें सुसज्जित भव्य कलश,हजारों की संख्या में पीत वस्त्रधारी महिलाएं, युवतियां,सुंदर कलश सिर पर धारण करके चल रही थी.साथ में सागर, गढ़ाकोटा, रहली, हिंडोरिया, बटियागढ़, नोहटा, हिंडोरिया सहित जिले भर के भाई बहिनें गगन भेदी समाज सुधार के नारे और गीत गाते चल रहे थे .

उद्गम स्थल किए गये पौधरोपण कार्य का निरीक्षण

जिला पंचायत सीईओ इमलीडोल ग्राम पहुंचे

नवभारत,दमोह। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने तेंदूखेड़ा नगर के शासकीय कॉलेज में एसआईआर निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में पहुंचे.जिसमें समस्त बीएलओ, सहायक बीएलओ उप स्थित रहे. जिनको सीईओ ने निर्वाचक नामावली के तहत दिशा निर्देश दिए. इसके बाद गौरेया नदी उद्गम स्थल इमलीडोल ग्राम पहुंचकर उद्गम स्थल पर किए गए पौधरोपण कार्य का निरीक्षण किया.

कुछ पौधों में रोग को देखकर जिला पंचायत सीईओ ने सोमवार को उद्गम स्थल पर कृषि वैज्ञानिक को भेजनी की बात कही, जिससे पौधों में उत्पन्न रोग खत्म हो सके.

इसके बाद बंधना मुहल्ला में पहुंचकर ग्रामीण विकास समिति टेरी एसजीपी के सहयोग से किए जा रहे कार्यों वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के लिए स्थापित वर्मी बेड का निरीक्षण किया.महिलाओं से भी जैविक खाद बनाने के तरीके के संबंध में चर्चा की.प्राकृतिक व जैविक पद्धति से खेती होने वाले फायदों को उपस्थित लोगों ने सीईओ को अवगत कराया. सीईओ ने जीवीएस द्वारा कराएं जा रहे कार्यों की सराहना की. इस दौरान मनरेगा सहायक यंत्री एचके राज, उपयंत्री खेमचंद्र मरावी, सरपंच नवल झारिया, सचिव भगवानदास यादव, ब्रजेश लोधी, जीवीएस से धरमदास पाल, राजेश सिंह, भूरे सिंह, नीरज यादव, सविता रानी, नीमा गौड, बबीता गौड के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई

नवभारत,दमोह.हिंडोरिया नगर में संत शिरोमणि नामदेव जी की 755 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसके बाद हवन पूजन का कार्यक्रम मुकरवा मोहल्ला में मोहनलाल नामदेव शिक्षक के निवास पर किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक कमलेश कुमार नामदेव ने संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज का जन्म पंढरपुर महाराष्ट्र में 26 अक्टूबर1270 रविवार के दिन हुआ उनका संपूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा मुखबानी नमक इनकी कई सारी रचनाए लोक प्रसिद्ध हैं इसके बाद समाज के अलकेश नामदेव शिक्षक ने अपने विचार रखें, अंत में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमेंद्र सिंह(अध्यक्ष न.प.हिडो.)विशिष्ट अतिथि सुधांशु चौबे, देव सिंह ठाकुर, राजेश वर्मा, प्राचार्य प्रेम नारायण प्यासी, हल्कू ठाकुर, जगदीश चौरसिया, बल्लू पार्षद, अन्नू राजपूत, मोहनलाल नामदेव, शिक्षक नंदकिशोर नामदेव, महेश नामदेव, नीतेश नामदेव, पूरन नामदेव, राजू नामदेव, हीरा नामदेव, मुन्ना नामदेव, मनीष नामदेव, कल्लू नामदेव, दीपक नामदेव, दिलीप रावत, समस्त नामदेव समाज व नगर सेवा समिति के समस्त सदस्य मौजूद रहे।



देहात थाना में पौधरोपण

नवभारत,दमोह। आंवला नवमी के अवसर पर समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी ऋषिराज सिंह परिहार ने वृक्षारोपण कर जगह-जगह आंवला के लगभग 500 पौधे नि:शुल्क वितरित किए .

विधायक जयंत मलैया ने अधिकारियों के साथ ली बैठक, लिया अस्पताल का जायजा

नवभारत,दमोह। पूर्व मंत्री व दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने रविवार को जिला अस्पताल दमोह का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों व उनके परिजनों से हालचाल जाना और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान विधायक श्री मलैया ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मलैया ने अस्पताल में भोजन व्यवस्था, डायलिसिस यूनिट, भवन विस्तार कार्य सहित समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 6 डायलिसिस मशीनें संचालित है। भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। विधायक जयंत मलैया ने कहा दमोह जिला अस्पताल का विस्तार आवश्यक है। इसके लिए भोपाल स्तर पर भी चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि 100 बिस्तरों वाले नए अस्पताल भवन के निर्माण की योजना है, वहीं 50 बिस्तरों का नया भवन तैयार हो चुका है, जिसका उन्होंने निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल से विस्तृत जानकारी ली अधिकारियों के साथ बैठक कर अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। मलैया ने बताया 10 दिन बाद वे पुन: दमोह आकर अस्पताल सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी से दूरभाष पर चर्चा कर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर महेश पटेल, राजेंद्र सिंघाई, आलोक गोस्वामी, अखिलेश हजारी, अमरदीप जैन लालू, विशाल शिवहरे, मोंटी रैकवार, संतोष रोहित, भरत यादव, संदीप यादव, मोनू राजपूत, हरि रजक, गोलू साहू, एसडीएम आर एल बागरी, सीएसपी एच आर पाण्डे, वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉ राकेश राय, अन्य डॉक्टरगण,टीआई दमोह मनीष कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण अधि कारी-कमर्चारीगण मौजूद रहे।

विजेताओं को मिली नकद पुरस्कार राशि

नवभारत,दमोह/हटा। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन के नेतृत्व में रनेह थाना पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। थाना परिसर से ग्राम बरबसपुरा तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी दौड़ आयोजित हुई, जिसमें ग्रामीणों, स्कूली छात्रों और समस्त पुलिस स्टाफने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता में आरक्षक श्रीराम प्रजापति ने प्रथम स्थान, आरक्षक हर्ष पटेल ने द्वितीय स्थान तथा ग्रामीण प्रदीप राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमश: 1000, 500 और 300 की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जो थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन द्वारा स्वयं रखी गई थी। राष्ट्रीय एकता दिवस के इस अवसर पर पुलिस कर्मियों और नागरिकों ने एकजुट होकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया।

मंत्री धर्मेंद्र बोले-छवि बिगाड़ी तो पुलिस उठाएगी भी और पीटेगी भी

नशा मुक्ति अभियान चलाने वाले संगठन के लोगों से कहा आप राजनीति कर रहे

नवभारत,दमोह। पर्यटन संस्कृति मंत्री व जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी फेसबुक पर हुए लाइव यूट्यूब पर नशा मुक्ति अभियान चलाने वाले संगठन के लोगों से कहा आप राजनीति कर रहे हो हम चलाएंगे अभियान.मध्य प्रदेश के पर्यटन व संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रविवार सुबह फेसबुक पेज पर लाइव आकर ऐसे लोगों को चेतावनी दी है, जो उनकी और अन्य जनप्रतिनिधियों की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं. मंत्री ने साफशब्दों में कहा कि जो बिना किसी तथ्य के छवि बिगाड़ने का प्रयास करेगा, पुलिस उसे उठाएगी भी और पीटेगी भी. गलत करोगे तो कार्रवाई होगी.मंत्री के सोशल प्लेटफॉर्म पर लाइव आने के पीछे का मुख्य कारण 2 दिन पहले जबेरा विधानसभा के एक घटनाक्रम से जुड़ा है. जहां एक युटुबर ने सिग्रामपुर गांव में शराब

बंदी को लेकर एकत्रित लोगों के बीच मंत्री धर्मेंद्र लोधी और पशुपालन मंत्री लखन पटेल को निशाना बनाने का प्रयास किया था. वहां मौजूद लोगों के माध्यम से मंत्रियों को शराब माफिया से मिले होने की बात का जिक्र किया गया था. इसके बाद मंत्री के निर्देश पर जबेरा पुलिस ने शुक्रवार रात युटुबर राघवेंद्र राठौर पर धारा 326-3, 356-3, 3-5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया. बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया इस गिरफ्तारी को लेकर यूट्यूबर राघवेंद्र ने पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया. जिसमें सब कुछ सामान्य निकला उसके बाद राघवेंद्र ने एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से फिर से मंत्री लोधी पर गलत कार्रवाई कराने के आरोप लगाए.इसके बाद मंत्री लोधी को लाइव आकर अपनी सफाई देनी पड़ी.हालांकि मंत्री ने सफाई कम और छवि बिगाड़ने वालों को धमकी ज्यादा दी है.उन्होंने अपने लाइव के दौरान कई बार यह कहा कि वह कोई भी हो, यदि जनप्रतिनिधियों की छवि धूमल करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी. मंत्री लोधी ने कहा कि मैं भी चाहता हूं कि समाज नशा मुक्त हो. यदि भगवती मानव कल्याण संगठन के लोग मुझे नशा मुक्ति के किसी कार्यक्रम में बुलाएंगे तो मैं जरूर आऊंगा, लेकिन मुझे पता है कि वह मुझे नहीं बुलाएंगे.क्योंकि उनकी राजनीति की दुकान खत्म हो जाएगी. ये नशा मुक्ति के नाम पर केवल राजनीति कर रहे हैं, लेकिन अब मैं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाऊंगा.

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सामाजिक ऑडिट ऐप वी-मित्र के 100 दिन पूर्ण

जानकारी दें, ईनाम पाएं नागरिकों को मिले साढ़े 15 लाख रुपए के ईनाम

नवभारत,दमोह. मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नागरिकों को विद्युत अनियमितता की जानकारी रिपोर्ट करने और पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर देने हेतु प्रारंभ किया गया सामाजिक ऑडिट ऐप वी-मित्र ने सफलतापूर्वक 100 दिन पूरे कर लिए हैं।जानकारी दें, इनाम पाएं के संदेश के साथ शुरू किए गए इस ऐप के माध्यम से अब तक कंपनी स्तर पर 30 हजार से अधिक मामलों की जानकारी प्राप्त हुई। इनमें से 17 हजार 200 मामलों की जांच की गई, जिसमें 3 हजार 850 मामलों में अनियमितताएँ पाई गईं।दमोह जिले में भी नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए 1,625 विद्युत अनियमितताओं की सूचना वी-मित्र ऐप के माध्यम से दी। इनमें से अब तक 37 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। ऐप के माध्यम से सूचना देने वाले 3,150 नागरिकों को कुल साढ़े 15 लाख रुपए के इनाम बिना किसी कार्यालय गए सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए हैं।

उल्लेखनीय उपलब्धियां

वी-मित्र ऐप का स्ट्राइक रेट 22, जबकि अन्य एजेंसियों के स्मार्ट मीटर डेटा एनालिसिस का स्ट्राइक रेट मात्र 7 रहा।इस अवधि में 4.64 करोड़ की बिलिंग अनियमितताओं के विरुद्ध की गई।विद्युत चोरी व अनियमितता करने वालों से 23 लाख की वसूली की गई।

नैयर दमोही को समर्पित स्मरण व रचनापाठ का आयोजन आज



नवभारत,दमोह. मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जिला अदब गोशा दमोह के द्वारा सिलसिला व तलाशे जौहर के तहत प्रसिद्ध शायर नैयर दमोह को समर्पित स्मरण व रचनापाठ का आयोजन रविवार 2 नवम्बर 2025 को दोपहर 12:00 बजे से अजमेरी मैरिज गार्डन, दमोह में ज़िला समन्वयक अदीब दमोही के सहयोग से किया जाएगा. उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी के अनुसार उर्दू अकादमी द्वारा सिलसिला के तहत प्रदेश के सभी जिलों में काव्य, साहि त्यिक व सांगीतिक गोष्ठियां आयोजित की जा रही है. इस वर्ष ज़िलावार सिलसिला व तलाशे जौहर कार्यक्रम उन जिलों के दिवंगत रचनाकारों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित किये गए हैं. अकादमी द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में अपने समन्वयकों के माध्यम से ऐसी हस्तियों के नाम ढूंढ कर उनकी स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं.

प्यासी परिवार में शोक

कुम्हारी ।प्यासी परिवार मे शोक की लहर देवरी रतन निवासी मिलन प्यासी के पुत्र अंशु प्यासी उम्र 18 वर्ष का निधन हो गया 7उनकी अंतिम यात्रा दिन रविवार शाम 5 बजे पूर्ण हुई गांव के सभी वर्गो के लोग शामिल रहे ।

कार्यवाही कोतवाली पुलिस 9 आरोपियों को पैदल लेकर पहुंची न्यायालय

पशु वध के आरोपियों का निकाला जुलूस

नवभारत,दमोह.शहर के कसाई मंडी में गुरुवार शाम एक पशु वध के मामले में पुलिस ने 9 आरोपियों को पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी, एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया व सीएसपी एचआर पांडे के निर्देशन में गिरफ्तार किया है.इन सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने से पहले रविवार शाम उनका जुलूस निकाला.

इसके बाद पुलिस ने नामजद 9 आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 325, पशुओं के प्रति क्रूरता, अधिनियम 1960 11 (1) आई, मध्य प्रदेश कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 10,विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 3, विस्फोटक पदार्थ

अधिनियम 1908 की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया, जिसमें कसाई मंडी निवासी मुरसलीन कुरैशी, फ्हीम कुरैशी, समीर कुरैशी, शंभू चाचा खान, साहिल कुरैशी, आकाश डूठा, छिंगे कुरेशी, फैजान खान सहित अन्य शामिल हैं.कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए नौ आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है. इसके अलावा कथनों के आधार पर और वीडियो फुटेज के आधार पर जो नए आरोपी चिन्हित किया जा रहे हैं उनकी तलाश भी की जा रही है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी. आपको याद होगा कि दो दिन पहले शहर की कसाई मंडी क्षेत्र में एक घर में भैंस के पड़े को काट दिया गया था. खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. उधर गो सेवक भी बड़ी संख्या में पहुंच गए.गौ सेवक और कुछ असामाजिक तत्व आमने-सामने आ गए.उनके बीच विवाद की स्थिति निर्मित हुई.पुलिस मौजूद थी इसलिए बवाल नहीं बढ़ पाया. गौ सेवक वहां से वापस लौटे और आरोप लगाया की कसाई मंडी के कुछ लोगों ने उन पर हमला किया है, हालांकि पुलिस ने हमले की बात को स्वीकार नहीं किया था. इसके बाद गौ सेवको ने पुराने थाने पर जाम लगा दिया.

पुलिस ने मनाया तो मान गए

, लेकिन उसके बाद गौ सेवक एकत्र होकर हिंदू संगठन से जुड़े लोगों के साथ शहर में निकले और घंटाघर पर जाम लगा दिया. बाद में सभी लोग कोतवाली पहुंचे और पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की.पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी और पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया था कि बहुत जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी, इसके बाद बवाल शांत हुआ था.

करंट लगने से गाय की मौत

नवभारत,दमोह। जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुंजी में खेतों किनारे लगे ट्रांसफार्मर में करंट होने के कारण बिजली तार से गाय चिपक जाने पर गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई.बताया गया है कि ग्राम गुंजी निवासी मक्खन तिवारी कि यह सुबह शाम लीटर भर दूध देती थी गाय की मौत हो जाने पर परिजनों में दुख का माहौल है.

पुलिस का मानवता चेहरा

नवभारत,दमोह. जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मण कुटी में बेहोश हालात में पड़ी एक अज्ञात महिला की सूचना मिलने पर मौके पर 112 डायल आरक्षक आरके आदर्श और पायलट राहुल राजपूत ने बेहोश हालात महिला को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया.